http://www.howtoexam.com

SL–1270 Seat No.________

First Year B. A. Examination
March / April – 2006
Hindi : Paper – II
(Optional – I)

Time : 3 Hours] [Total Marks : 100

सूचना : सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

१ कहानी कला के तत्वों के आधार पर 'उसने कहा था' कहानी का मूल्यांकन कीजिए । २०

अथवा

१ 'वापसी' कहानी की कथावस्तु लिखते हुए उसका उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । २०

२ कहानी कला के तत्वों के आधार पर 'नमक का दारोगा' कहानी की समीक्षा कीजिए । २०

अथवा

२ टिप्पणियाँ लिखिए : (कोई **दो**) २०

(१) 'दिल्ली में एक मौत' कहानी में व्यंग्य ।

(२) 'पाजेब' कहानी में बाल–मनोविज्ञान ।

(३) 'हार की जीत' कहानी के बाबा भारती ।

(४) 'डाची' कहानी में बाकर की मनोव्यथा ।

३ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : (कोई **दो**) २०

(अ) जीवन की किसी अलभ्य अभिलाषा से वंचित होकर जैसे प्रायः लोग विरक्त हो जाते हैं, ठीक उसी तरह किसी मानसिक चोट से घायल होकर, एक प्रतिष्ठित जमींदार का पुत्र होने पर भी, नन्हकूसिंह गुण्डा हो गया था ।

(ब) माँ ! युवती माँ ! यह तुम्हारे हृदय को क्या हो गया है जो तुम एक मात्र बच्चे के गिरने पर ऐसी बात कह सकती हो.... और यह अभी, जब तुम्हारा सारा जीवन तुम्हारे आगे है ।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com
Download latest university exam question paper, model paper and sample papers

http://www.howtoexam.com

(क) 'भाई, आफत सबके ऊपर आती है । मनुष्य मनुष्य को सहारा देता है, जानवर तो देते नहीं । तुम्हारे भी बाल–बच्चे हैं । कुछ दया के साथ काम लो ।'

(ड) 'राज के पीसे तो आज तक पीसे हैं, पर राज के लिए धरम नहीं छोड़ देंगे, सुन लो ! तुम धरम छीन लो, तो हमें जीना हराम है !'

४ किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर **चार–पाँच** वाक्यों में दीजिए : २०

(१) नकली लपटन साहब को लहनासिंहने कैसे पहचाना ?

(२) 'नमक का दारोगा' कहानी में वेतन और ऊपरी आय की कौन–सी विशेषताएँ बताइ गई हैं ?

(३) खड्गसिंह ने हृदय परिवर्तन होने पर क्या किया ?

(४) बाकर रज़िया के सोने का इन्तझार क्यों कर रहा था ?

(५) 'लाल पान की बेगम' कहानी के अंत में बिरजू की माँ के चरित्र में क्या परिवर्तन होता है ?

(६) पहाड़ों का प्राकृतिक सौंदर्य कैसा था ?

(७) 'नमक का दारोगा' कहानी के पंडित आलोपीदीन का परिचय ।

(८) घर वापस आने पर गजाधर बाबू को कैसा लगा ?

५ (अ) निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में दीजिए : १०

(१) 'उसने कहा था' के लेखक का नाम क्या है ?

(२) 'तेरी कुड़माई हो गई ?' यह वाक्य कौन किससे कहता है ।

(३) अपनी बेटी रज़िया के लिए पिता बाकर क्या खरीदता है ?

(४) 'बाबा भारती का घोड़ा कौन चुरा ले जाता है ?'

(५) गदल की नॉक–झोक किससे होती है ?

(६) खोई हुई पाजेब किसके पास से मिलती है ?

(७) चौधरी पीरबख्श कौन–सी कहानी का पात्र है ?

(८) मालती के बच्चे और पति का नाम क्या है ?

(९) जंगी की पतोहू बिरजू की माँ को लाल पान की बेगम क्यों क्यों कहती है ?

(१०) 'पहाड़' कहानी के कहानीकार का नाम बतलाइये ।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com
Download latest university exam question paper, model paper and sample papers

http://www.howtoexam.com

५ (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : १०

(१) मुनशी प्रेमचंद रचित ____________ कहानी है ।

(दो बाँके, नमक का दारोगा, गदल)

(२) बाबा भारती ____________ कहानी के पात्र हैं ।

(उसने कहा था, शरणागत, हार की जीत)

(३) 'सेव और देव' कहानी में प्रो. गजानन _________ चुराते है ।

(सेव, पैसे, मूर्ति)

(४) ____________ की मृत्यु के बाद गदल ने विरादरी को कारज में न्योता दिया । (गुन्ना, डोडी, निहाल)

(५) गुलेरी ____________ लेखक का नाम है ।

(निर्मल वर्मा, प्रसाद, चन्द्रधर शर्मा)

(६) कुबरा मौलवी __________ कहानी में खलनायक का काम करता है ।

(परदा, गुण्डा, पूस की रात)

(७) आशुतोष ____________ कहानी का प्रमुख पात्र है ।

(पहाड़, पाज़ेब, परदा)

(८) 'वापसी' कहानी के नायक ____________ है ।

(दुबलाबाबू, निरंजनबाबू, गजाधरबाबू)

(९) 'आकाशदीप' कहानी का आरंभ ____________ से होता है ।

(संवाद, प्रसंग वर्णन, प्रकृति चित्रण)

(१०) हल्कू की पत्नी ने __________ खरीदने के लिए तीन रुपये बचा रखे थे ।

(कम्बल, मिठाई, बरतन)

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com
Download latest university exam question paper, model paper and sample papers